दिनांक 3 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पावर हाउस बस स्टैंड फिर से होगा प्रारंभ, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ की बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस बस स्टैंड फिर से चालू होगा और इसकी रौनकता फिर से लौटेगी। बस स्टैंड को चालू करने के लिए आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ बैठक की। बैठक में पावर हाउस बस स्टैंड को फिर से चालू करने को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने अपनी सहमति प्रदान की है , शीघ्र ही बसे अब बस स्टैंड से होकर गुजरने लगेंगी। इसके लिए समय सारणी भी तैयार की जाएगी , बसों के यहां रुकने के मुताबिक टाइम फिक्स होंगे। पावर हाउस बस स्टैंड को पुनः व्यवस्थित तरीके से चालू करने को लेकर निगम और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बैठक में चर्चा की। यात्री सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। बसों को बस स्टैंड में ठहराने के एवज में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इसकी राशि भी निगम को अदा करेगा। पावर हाउस बस स्टैंड स्थित कार्यालय के अतिरिक्त कक्ष में रेस्टोरेंट आदि की सुविधाएं भी यात्रियों को मिलेंगी , इसके लिए भिलाई निगम निविदा जारी करेगा तथा इसे किराए पर देकर राजस्व वसूली में बढ़ोतरी करेगा। पावर हाउस बस स्टैंड के चालू होने से इसकी रौनकता फिर से आ जाएगी इसके साथ ही यात्रियों को एक सुविधा युक्त बस स्टैंड मिल पाएगा, प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को इसके चलते राहत मिलेगी। आज की बैठक में ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।